विदेश मंत्रालय के अंतर्गत कार्य कर रहे संगठनों में भ्रष्टाचार

4137. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विदेश मंत्रालय के अन्तर्गत कार्य कर रहे संगठनों में भ्रष्टाचार की सूचना मिली है ;

(ख) यदि हां, तो कितने अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई और उनमें से कितने अधिकारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है ;

(ग) क्या यह सच है कि भ्रष्टाचार और कदाचार के आरोपों में दण्ड स्वरूप अधिकारियों के केवल स्थानान्तरण किये गये हैं; और

(घ) भ्रष्टाचारी एवं कदाचारी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० एल० भाटिया) : (क) जी हां, हमें केन्द्रीय पासपोर्ट संगठन में, जो विदेश मंत्रालय के अधीन है, भ्रष्टाचार के कुछ मामलों की सूचना प्राप्त हुई है ।

(ख) 1991 के बाद से 21 अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। किसी भी अधिकारी को नौकरी से हटाया नहीं गया है ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) जब भी जांच-पड़ताल से भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध होता है, सरकारी नियमों के अधीन कार्यवाही की जाती है जिसमें अभियोजन भी शामिल है ।

Interception and harassment of Nepalis

4138. SHRI RATNA BAHADUR RAI: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the movements of nationals from Nepal are intercepted in Assam and they are subjected to untold harassments even though they are entitled to seek employment and work in India on reciprocal basis as per the article 7 of Indo-Nepal Treaty of friendship of 1950; and

(b) if so, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI DINESH SINGH): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

Renewal of passport by original issuing authority

4139. SHRI IQBAL SINGH:
SHRI SURESH PACHOURI:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that NRIs have protested the directive of the Indian Government to its missions abroad to have passports renewed only by original issuing authority;

(b) if so, what was the system followed earlier;

(c) what are the factors that have prompted the Government to issue the new directives;

(d) whether it is a fact that Indian missions abroad have informed the Ministry of External Affairs that the new policy would put NRIs into a lot of difficulty; and

(e) if so, Government's reaction thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI R. L. BHATIA): (a) to (e) Missions abroad have been authorised to renew the passport of an Indian citizen for one year on presentation while at the same time making a reference to the original Passport Issuing Authority for confirmation of the particulars of the passport. Full extension is to be provided only after the passport particulars are confirmed within a specified time frame. Missions have been asked to advise the Indian community to apply for renewals at least 45 days before the expiry of their passports.

The system of requiring passport particulars to be confirmed before granting full extension has been introduced to prevent Indian Missions abroad from legitimising fake and fraudulent passports inadvertently in view of the large number of passport rackets that are prevalent. Under the earlier system, the Missions were renewing passports without any checking to determine if the passports were legitimately issued documents.

Some NRIs have represented against the new system and their representations have been forwarded to the Government by the concerned Indian Missions. These representations are based on a wrong interpretation of the instructions as it was mistakenly apprehended that they would either have to go back to India to the original Passport Issuing Authority for renewal of their passports or that they would have to send their passports back to the original Passport Issuing Authority for renewal. Our Missions have been advised to clarify the position to the Indian community abroad that they are NOT required either to come back to India for renewal of their passports or to send their passports back to India.

भारतीय दूतावासों में संगीत और योग शिक्षकों के पद

4140. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विदेश स्थित किन-किन भारतीय दूतावासों में सांस्कृतिक राजदूत-सहायकों तथा संगीत एवं योग-शिक्षकों के पद हैं; और

(ख) उक्तपदों पर नियुक्त अधिकारियों और कलाकारों का ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सलमान खुर्शीद) : (क) भारत के निम्नलिखित राजदूतावासों/हाई कमीशनों में भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद का सांस्कृतिक केन्द्र है:-

(1) जार्जटाउन (गयाना)

(2) पोर्ट लुई (मारीशस)

(3) पारामारिबो (सूरीनाम)

(4) जकार्ता (इंडोनेशिया)

(5) मास्को (रूस)

(6) बर्लिन (जर्मनी)

(7) लंदन (यूनाइटिड किंगडम)

(8) काहिरा (मिस्र)

सांस्कृतिक केन्द्रों के प्रमुख को केन्द्र के निदेशक के रूप में पदनामित किया जाता है और उन्हें प्रथम सचिव/कौंसलर/मंत्री का राजनयिक रैंक दिया गया है।

जार्जटाउन, पोर्ट लुई, पारामारिबो, जकार्ता, मास्को और काहिरा में संगीत और योग के अध्यापक है।

(ख) इन पदों पर तैनात किए गए अधिकारी और कलाकारों का विवरण संलग्न सूची में दिया गया है।